भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4018 का उत्तर

तेजस रेलगाड़ी

4018. श्री पी॰ के॰ कुनहालिकुट्टीः
श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंतः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की तेजस रेलगाड़ी शुरू करके रांची को अन्य महत्वपूर्ण शहरों से जोड़ने की कोई योजना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति सहित छत्तीसगढ़ राज्य में लंबित रेलवे परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): जी नहीं। फिलहाल, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। भारतीय रेल में तेजस एक्सप्रेस सहित गाड़ियों को शुरू करना सतत प्रक्रिया है और इसे यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के मद्देनज़र किया जाता है।

(ग): 01.04.2019 की स्थिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ में पूरी तरह/आंशिक रूप से पड़ने वाली 17 परियोजनाएं, जिनकी लंबाई 2,766 कि.मी. है और लागत 34,090 करोड़ रु. है, योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में है। उनमें से, 373 कि.मी. लंबाई वाली परियोजना शुरू हो चुकी है और मार्च, 2019 तक 6,854 करोड़ रु. खर्च किया जा चुका है। इन परियोजनाओं का ब्यौरा भारतीय रेल की वैबसाइट www.indianrailways.gov.in>Ministry of Railways>about Indian Railways>Railway Board Directorates>Finance (Budget) पर उपलब्ध है।

****

mm